बिहार लोक सेवा आयोग

15, नेहरू पथ (बेली रोड), पटना – 800001


विज्ञापन सं०– 03/2026, श्रम संसाधन विभाग, बिहार के नियंत्रणाधीन कारखाना निरीक्षक (सामान्य/रसायन/भैषज्य) के कुल 17 (सत्तरह) रिक्त पदों पर नियुक्ति हेतु सुयोग्य भारतीय उम्मीदवारों से विहित प्रपत्र में ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं। ऑनलाइन आवेदन भरने हेतु विस्तृत दिशा निर्देश बिहार लोक सेवा आयोग, पटना के वेबसाईट **www.bpsc.bihar.gov.in** पर प्रदर्शित है। इन रिक्त 17 (सतरह) पदों की कोटिवार विवरणी निम्नवत है:–

| | | |
|---|---|---|
| कारखाना निरीक्षक (सामान्य) | – | 14 पद |
| कारखाना निरीक्षक (रसायन) | – | 01 पद |
| कारखाना निरीक्षक (भैषज्य) | – | 02 पद |
| | कुल– | 17 पद |

| क्र०सं० | कोटि | अनुमान्य पदों की कुल संख्या | 35% क्षैतिज आरक्षण के फलस्वरूप महिलाओं के लिए अनुमान्य पदों की कुल संख्या |
|---|---|---|---|
| 1. | अनारक्षित वर्ग | 07 | 02 |
| 2. | आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग | 02 | 00 |
| 3. | अनुसूचित जाति | 02 | 00 |
| 4. | अनुसूचित जनजाति | 00 | 00 |
| 5. | अत्यन्त पिछड़ा वर्ग | 03 | 01 |
| 6. | पिछड़ा वर्ग | 02 | 00 |
| 7. | पिछड़े वर्गो की महिलाएँ | 01 | 00 |
| कुल | | 17 | 03 |

सरकारी सेवकों को शक्तिमान प्राधिकार (Authority empowered) द्वारा आवेदन अग्रसारित कराकर देना होगा, परन्तु वैसे सरकारी सेवक, जो संपुष्ट हो चुके हो, वे उक्त विज्ञापित पद पर नियुक्ति हेतु सुपात्र नहीं होंगे।

2. वेतनमान :– वेतन स्तर 9 (53100–167800/–)
3. अनिवार्य योग्यता :–किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से इंजीनियरिंग, प्रौद्योगिकी (टेक्नोलॉजी) या आयुर्विज्ञान (मेडिसिन) की किसी शाखा में डिग्री अथवा ऐसी कोई अन्य अर्हता जिसे राज्य सरकार के गजट में प्रकाशित अधिसूचना द्वारा ऊपर उल्लिखित किसी डिग्री के समतुल्य मान्यता प्रदान की गयी हो।

नोटः– **Regular MBBS** की डिग्री को ही आयुर्विज्ञान (मेडिसिन) के अन्तर्गत मान्यता प्रदान की जायेगी।

अनुभव :–

(i) प्रख्यात फर्म या सरकारी विभाग में इंजीनियरिंग, प्रौद्योगिकी (टेक्नोलॉजी) या आयुर्विज्ञान (मेडिसिन) में दो वर्षों का व्यावहारिक अनुभव।

परन्तुक, किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से डिग्रीधारी उम्मीदवारों के मामलों में विश्वविद्यालय पाठ्यक्रम के क्रम में व्यावहारिक प्रशिक्षण पर बिताई गई अवधि अधिकतम 01 (एक) वर्ष के लिए विहित व्यावहारिक अनुभव में गणना की जायेगी।

(ii) देवनागरी लिपि में हिन्दी पढ़ने एवं लिखने का ज्ञान।

नोटः– (क) प्रख्यात फर्म से अभिप्रेत है:

सार्वजनिक क्षेत्र का उपक्रम/भारत सरकार अथवा राज्य सरकार के अधीन कार्यरत कारखानें।

अथवा

निजी क्षेत्र के वैसे कारखानें जिसमें 500 (पाँच सौ) या उससे अधिक श्रमिक नियोजित हो, कर्मचारी भविष्य निधि संगठन से निबंधित हो, कर्मचारी राज्य बीमा निगम से निबंधित हो एवं जिसका टर्न ओवर 25 करोड़ रूपये या उससे अधिक हो।

(ख) अनुभव प्रमाण–पत्र कारखाना के दखलकार द्वारा निर्गत होना चाहिए अभ्यर्थियों को अनुभव प्रमाण–पत्र के साथ, जहाँ अभ्यर्थी कार्यरत हैं अथवा कार्य कर चुके हैं, वैसे कारखानों का कारखाना लाईसेन्स भी आवेदन पत्र के साथ संलग्न करना अनिवार्य होगा।

(ग) निजी क्षेत्र के कारखानों के लिए अनुभव प्रमाण–पत्र में इस आशय का उल्लेख होना चाहिए कि कारखाने में 500 या उससे अधिक श्रमिक कार्यरत हैं।

